भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **+4653**
सोमवार, 22 जुलाई, 2019/31 आषाढ़, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना के अन्तर्गत कोट्टायम हेतु स्वीकृत धनराशि

+4653.श्री थोमस चाज़िकाडनः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कोट्टायम जिले में स्थानों के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत कोई धनराशि आवंटित की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन स्थानों पर कितने प्रतिशत धनराशि का उपयोग किया गया है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत कोट्टायम जिले में निम्नलिखित 25 धार्मिक स्थलों पर वर्ष 2018-19 में स्वीकृत ''केरल में कसारगोड़, वायनाड, कन्नूर, कोझीकोड, पलक्काड, मल्लापुरम, त्रिचूर, एर्नाकुलम, इडुक्की, कोट्टायम, अलपुझा, पाथानामथिट्टा, कोल्लम, त्रिवेंद्रम : आध्यात्मिक परिपथ का विकास'' परियोजना के अंतर्गत पर्यटक/तीर्थस्थल सुविधाओं जैसे कि कम्यूनिटी हॉल, टॉयलेट ब्लॉक, कैफेटेरिया, प्रदीप्तिकरण, बैठने का स्थान, पेयजल सुविधाएं, भूमि सुधार आदि के विकास के लिए 14.10 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है:

- माथुर माला देवी मंदिर (पंपादी)
- महा देवा मंदिर (थिडानाडु)
- सेंट मैरी चर्च (परेल)
- मार मैथ्यू कवूकट्टू
- द होली मैगी सायरो-मालाबार कैथोलिक फोरेन चर्च (मणिमाला)
- महा देवा मंदिर (कड़प्पात्तूर)
- सेंट डोमिनिक कैथेड्रल चर्च (अक्कारा पल्ली)
- सेंट बेसिल का चर्च (मणिमाला)
- महा देवा मंदिर (चिराकादावु)
- श्री बदरा मंदिर (मनकाडु)
- नैनार पल्ली जामा -एथ (कंजीरा पल्ली)
- नैनार पल्ली जामा -एथ (पूंजर)
- शिव मंदिर (इरम्पुन्निकारा)
- कोडुगर देवी मंदिर (वज़ूर)

- श्री देवी मंदिर (वलियांकवु)
- श्री शंकर नारायण मूर्ती मंदिर (अनिकाड्डु)
- मणिमाला कावू मंदिर
- सबरीमाला आयप्पा सेवा समाजम (ऐरुमेलि के पास)
- कोट्टांगल देवी मंदिर
- एल्लमकावू देवी मंदिर (करीभुक्कायम)
- श्री भगवती देवी मंदिर (कडायिनीकाड्डु)
- मुंगई मंदिर (मणिमाला)
- श्री महादेवा मंदिर (थ्रिकन्नापुरम)
- सेंट मैरी चर्च (वल्लमचिरा, मणिमाला)
- सेंट मैरी चर्च (नैजरैकल)

उपरोक्त के अलावा, पर्यटन मंत्रालय द्वारा केरल में कुमारकोम की भी एक प्रतिष्ठित पर्यटक स्थल के रूप में विकास हेतु पहचान की गई है ।

उपरोक्त परियोजनाओं के अंतर्गत अभी कोई निधियां जारी नहीं की गई हैं ।

****